न्यूज़ बुलेटिन :

सन्मार्ग

वर्ष–1

अंक–4

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – जनवरी, 2023

कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003

(लखनऊ विश्वविद्यालय)

सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- 100 % परिणाम

Inside This Issue

College Achievements

Students Activities

प्रबन्धक

इं0 वी0 के0 मिश्र

प्राचार्य

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

सम्पादकीय

सम्पादक

राजीव यादव

उप–सम्पादक

नितिन कुमार सिंह

सहयोग

पुष्पेन्द्र कुमार

COLLEGE ACHIEVEMENTS

कालीचरण महाविद्यालय में 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिया पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के प्रो0 शफी हैदर आमिल थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि श्री अशोक अग्निपथी थे।

11 जनवरी को खाद्य सुरक्षा के लिए FSSAI द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं खाद्य गुणवत्ता मापन की जानकारी दी गयी।

12 जनवरी को विवेकानंद की जयंती पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही उत्तर–प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अभ्युदय योजना का उद्घाटन किया गया जिसके अंतर्गत छात्रों को निशुल्क कोचिंग दी जायेगी। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मलिहाबाद की विधायक श्रीमती जया देवी थी।

- 11 जनवरी से 13 जनवरी तक महाविद्यालय में बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विभिन्न संकायों से लगभग 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन बालक वर्ग में बी0कॉम, द्वितीय वर्ष के मोहम्मद शादाब प्रथम स्थान, किसलय सिंह द्वितीय और बी0ए0 प्रथम वर्ष के चित्रांश तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की चाँदनी यादव प्रथम स्थान, बी0ए0 तृतीय वर्ष की रितु भारती द्वितीय स्थान एवं बी0ए0 प्रथम वर्ष की अलफिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

टेबिल टेनिस में बी0कॉम द्वितीय वर्ष के किसलय सिंह प्रथम, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के सिराज मंसूरी दूसरे व सुयश निगम तीसरे स्थान पर रहे।

19 से 25 जनवरी को NSS के चारो ईकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह का प्रशिक्षण लिया गया। जिसमें शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ0 अल्का द्विवेदी, शारीरिक शिक्षा विभाग के मुकेश मिश्रा, समाजशास्त्र विभाग के राजकुमार सिंह, और वाणिज्य विभाग के डॉ0 शिवकुमार ने भाग लिया।

21 जनवरी को G-20 के अन्तर्गत होने वाली प्रतियोगिता मिनी मैराथन और वॉकथॉन में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

21 जनवरी को महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की एम0ए0 की छात्रा शिवानी पाण्डेय को लखनऊ विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर तीन गोल्ड मेडल प्रदान किया गये।

महाविद्यालय में 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता – 'आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस' और निबंध प्रतियोगिता – 'भारतीय राष्ट्रीयता के निर्माण में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का योगदान' का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को महविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने शपथ दिलायी

24 जनवरी को उत्तर–प्रदेश दिवस के अवसर पर 'निवेश एवं रोजगार' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रो0 राजकुमार सिंह थे।

---

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर क्विज और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध विषय 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' था।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ही राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिला जज/विशेष कार्यकारी, उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के श्री भगीरथ वर्मा जी थे।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध इं0 वी0 के0 मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र और प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित किया और गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया।

30 जनवरी को महाविद्यालय में महात्मा गॉधी की 75वीं पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें महात्मा गॉधी के स्वतंत्रता आंदोलन में किये गये संघर्ष को याद किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को सत्य और अहिंसा के विषय में बताया और शपथ दिलायी।

दिनांक 31.01.2023 को सेवा संवर्ग में (चौकीदार) कार्यरत श्री दिलीप कुमार जी अपनी निरन्तर 40 वर्षो की सेवा के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने श्री दिलीप कुमार की सेवाओं का का स्मरण किया। साथ में उनके मंगलमय भविष्य की शुभकामना की।

जय हिन्द